प्रादेशिक समाचार
दिनांक–04.10.2025 (सुबह–0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. **प्रधानमंत्री आज लगभग 62 हज़ार करोड़ रुपये से विभिन्न युवा–केंद्रित पहलों का करेंगे अनावरण, देशभर के आईटीआई संस्थानों के उन्नयन के लिए पीएम–सेतु का भी होगा शुभारंभ।**

2. **स्वास्थ्य मंत्रालय ने कफ सिरप के इस्तेमाल पर जारी की एडवाइजरी, 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को नहीं दें सर्दी खांसी की दवाई, घरेलू उपायों के इस्तेमाल पर दिया जोर।**

3. **राज्य के 17 जिलों में खुलेंगे एक सौ उनसठ नए आंगनबाड़ी सेंटर, केंद्र सरकार ने भवन निर्माण और संचालन को दी स्वीकृति।**

4. **राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में आज भी मुसलाधार बारि□ा होने का अलर्ट, पिछले तीन दिनों में सामान्य से लगभग तीन गुना अधिक बारि□ा रिकॉर्ड।**

5. **जमशेदपुर में खेले जा रहे हॉकी इंडिया सीनियर पुरूश अंतर–विभागीय राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में पीएसपीबी, रेलवे स्पोट्र्स प्रमोशन बोर्ड और पंजाब–सिन्ध बैंक ने जीते मैच।**

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली से 62 हज़ार करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न युवा–केंद्रित पहलों का अनावरण करेंगे। युवाओं के कौशल विकास की एक ऐतिहासिक पहल के अंतर्गत प्रधानमंत्री देश भर के एक हज़ार सरकारी आईटीआई संस्थानों के उन्नयन के लिए पीएम–सेतु का शुभारंभ करेंगे। श्री मोदी 34 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के नवोदय विद्यालयों और एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों में स्थापित एक हज़ार दो सौ व्यावसायिक कौशल प्रयोगशालाओं का उद्घाटन भी करेंगे। प्रधानमंत्री कौशल दीक्षांत समारोह में आईटीआई टॉपर्स को भी सम्मानित करेंगे।

****

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बच्चों के लिए कफ–सिरप के इस्तेमाल पर एडवाइजरी जारी की है। मंत्रालय ने कहा कि दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों को सर्दी खांसी की दवाएं नहीं दी जानी चाहिए। वहीं, पांच साल से ऊपर के बच्चों को केवल डॉक्टर की देखरेख में सही डोज़ और सीमित समय के लिए ही सर्दी खांसी की दवा दी जाए। मंत्रालय ने घरेलू उपायों को प्राथमिकता देने और केवल जीएनपी अनुरूप सुरक्षित दवाओं के उपयोग करने पर जोर दिया है।

****

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालयों में स्नातक की 20 प्रतिशत सीटें अखिल भारतीय प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से भरने की घोषणा की है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद यह परीक्षा आयोजित करेगी।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव, समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है। पिछले महीने की 22 तारीख से लागू अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार भारत की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। आज हम लकड़ी के विकल्पों पर जीएसटी कटौती पर रिपोर्ट प्रस्तुत कर रहे हैं।

****

राज्य के 17 जिलों में 159 नए आंगनबाड़ी केंद्र खोले जाएंगे। केंद्रीय महिला, बाल विकास तथा सामाजिक सुरक्षा मंत्रालय ने नए आंगनबाड़ी केंद्रों के भवन निर्माण तथा उसके संचालन को स्वीकृति दे दी है। इनमें 109 नए आंगनबाड़ी केंद्र प्रधानमंत्री जनमन आदिवासी न्याय महा अभियान और 50 आंगनबाड़ी केंद्र धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत खोले जाएंगे। नए आंगनबाड़ी केंद्र के भवन निर्माण पर 19 करोड रुपए और संचालन पर 17 करोड़ रुपए खर्च होंगे।

****

रांची के मांडर में दो दिवसीय मुडमा जतरा मेला आठ अक्टूबर से शुरू होगा। कृषि मंत्री ने प्रशासनिक पदाधिकारियों तथा जतरा संचालन समिति के सदस्यों के साथ बैठक कर मेले की चल रही तैयारियों की समीक्षा की।

****

गढ़वा जिले में कर्मयोगी अभियान के तहत दो सौ सैंतीस गांवों का चयन किया जा चुका है और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता

****

जामताड़ा जिले के बिंदापाथर थाना क्षेत्र के श्रीपुर से पुलिस ने चोर गिरोह के 3 सदस्यों को पकड़ा है। ये बंद घरों में चोरी करते थे। जिले के पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता ने बताया कि इनके पास से चोरी के गहने भी बरामद हुए हैं।

****

मौसम विभाग ने राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में आज भी मूसलाधार बारिश का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान मेघ गर्जन, तेज हवा और वज्रपात की भी आशंका है। झारखंड के मौसम में यह बदलाव बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव के क्षेत्र के प्रभाव से हो रहा है। गौरतलब है कि इस वर्ष की बरिश ने पिछले दस वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। वहीं पिछले तीन दिनों में सामान्य से तीन गुना ज्यादा बारिश दर्ज की जा चुकी है।

****

पांचवीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरूष अंतर–विभागीय राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के चौथे दिन खेले गए पहले मैच में पेट्रोलियम स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड, पीएसपीबी ने पंजाब नेशनल बैंक को चार– तीन गोल से पराजित किया। जमशेदपुर के नवल टाटा हॉकी अकादमी में चल रही इस चैंपियनशिप के दूसरे मैच में रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड ने सीएजी पर जीत दर्ज की। तीसरे मैच में पंजाब एंड सिंध बैंक ने सशस्त्र सीमा बल पर सात– शून्य से बड़ी जीत दर्ज की।

****

<u>और अब अख़बारों की सुर्खियां</u>–

राज्य से प्रकाशित लगभग सभी अखबारों ने वायु सेना प्रमुख द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान को पहुंचाये गये नुकसान की जानकारी साझा करने की खबर को प्रमुखता से लिया है।

प्रभात खबर की सुर्खी है–झारखंड में इस वर्ष की बारिश ने दस साल का रिकॉर्ड तोड़ा, तीन दिन में दो सौ बानबे प्रतिशत अधिक वर्षा।

दैनिक भास्कर का भीर्शक है– केंद्र सरकार की सलाह, खासी सर्दी की दवा दो साल से छोटे बच्चों को न दें।

दैनिक जागरण ने लिखा है–प्रिया दूबे के आपत्ति, महिला मुंसियों की पदस्थापना रूकी।

हिंदुस्तान की सुर्खी है–झारखंड में जनवरी तक निकाय चुनाव की तैयारी।

<u>*******************</u>**